28-08-2023

Dr. Horton का साप्ताहिक पारिवारिक संदेश

महान Maya Angelou ने एक बार कहा था, *"आप जिस राह पर निकल पड़े हैं उसका अंदाज़ा तब तक नहीं हो सकता जब तक यह न पता हो कि आप कहां से चले थे।"* ये असरदार शब्द हमें याद दिलाते हैं कि प्रगति की राह पर आगे बढ़ने से पहले आपको अपनी वर्तमान स्थिति का पता होना चाहिए और यह भी कि आप यहां तक कैसे पहुंचे।

हमारी *उत्कृष्टता की राह पर* पहल जारी है और हम अपनी वर्तमान स्थिति, इससे पहले हम कहां थे और आगे बढ़ने की योजना पर पूरे ज़ोर-शोर से काम कर रहे हैं। इस प्रकार से ही हम अपने विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य देने के काबिल बन पाएंगे। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चे के शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाया जाए और उनके अकादमिक, सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास को समर्थन दिया जाए।

पिछले सप्ताह के मुख्य अंश: हमारे शिक्षा बोर्ड के सदस्यों ने हमारी सामूहिक समझ और सहयोग को मज़बूत करने के तरीकों पर दो दिन बैठक का आयोजन किया। इन दो दिनों के दौरान उन्होंने हमारे सफर के महत्वपूर्ण पहलुओं पर खुली चर्चा करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। हमने व्यापक मास्टर प्लान, E-SPLOST परियोजना, वित्तीय नियंत्रण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया और अन्य चीज़ों के अलावा बतौर अधीक्षक मेरे पहले 30 दिनों की समीक्षा के काम को अंजाम दिया।

हमारे व्यापक मास्टर प्लान, E-SPLOST परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसके तहत डिस्ट्रिक्ट सुविधाओं और परिचालनों को बेहतर बनाने के हमारे साझा लक्ष्य पर एक राय कायम की गई। इस दौरान हमारे कुछ स्कूलों में विद्यार्थियों की ज़रूरत से अधिक और कम संख्या पर विचार-विमर्श करते हुए हमने ऐसी संभावित रणनीतियों पर चर्चा की जो हमारे विविध पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा कर पाएंगी।

सार्वजनिक निधि के ज़िम्मेदार संरक्षक होने के नाते हम अपने वित्तीय मामलों का ध्यानपूर्वक मूल्यांकन करते हैं। Georgia लेखापरीक्षा विभाग और उसकी एजेंसियों की आवश्यकताओं के साथ जारी हमारा निष्ठावान सहयोग, सहभागिता और अनुपालन उचित वित्तीय प्रथाओं की प्राप्ति के लिए हमारे समर्पण का प्रतीक है।

बतौर अधीक्षक अपने पहले 30 दिनों पर गौर करते हुए मुझे हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों, परिवारों और समुदाय भागीदारों के अटूट समर्पण से बहुत प्रेरणा मिलती है। Snapfinger एलिमेंटरी, Columbia मिडिल और Tower हाई को हाल ही में दिए गए H-PRIDE प्रमाणपत्र हमारे मिशन को आगे ले जाने के हमारे मूल सिद्धांतों का पालन करने के हमारे परस्पर प्रयासों का प्रतीक हैं।

हमारी बैठक के विषयों को अधिक विस्तार से समझने के लिए **यहां** क्लिक करें और पूरे एजेंडा को अच्छी तरह से समझें। इस संसाधन की मदद से आप हमारी चर्चाओं और प्रस्तुतियों पर अधिक जानकारी ले पाएंगे।

इस साझा सफर पर आगे बढ़ते हुए याद रखें कि हमारा सामूहिक समर्पण ही हमें प्रगती की राह पर आगे ले जाएगा। आपका अटूट समर्थन हमें हमारे विद्यार्थियों, समुदाय और एक-दूसरे के लिए उज्ज्वल भविष्य बनाने में सक्षम बनाता है।